K21U 6606

Reg. No. : ....

Name : ....

BOSCO ARTS AND SCIENCE LIBRARY ANGADIKADAVU

I Semester B.Com./B.B.A./B.B.M. Degree (C.B.C.S.S. – Supplementary)
Examination, November 2021
(2015 – 2018 Admissions)
COMMON COURSE IN HINDI
1A07-1HIN : Srujanatmak Sahithya

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए।

1) 'ठाकुर का कुआँ' एक यथार्थवादी कहानी है। अपना तर्कसम्मत मत प्रकट कीजिए।

2) 'अकेली' कहानी की विशेषताओं को समझाइए। (1×7=7)

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए।

3) 'प्रौढशिक्षा' में धूमिल ने किन-किन बातों की चर्चा की है ?

4) निराला ने 'प्रियतम' कविता में भक्त के किन-किन गुणों के बारे में बताया है ? (1×7=7)

III. कम से कम 125 शब्दों में किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

5) मेरा मन सुमिरै राम कूँ, मेरा मन रामहिं आहि
अब मन रामहिं ह्वै रहया, सीस नवावौ काहि।

6) मैया मैं नहिं माखन खायौ
ख्याल परै ये सखा सब मिलि, मेरे मुख लपटायौ
देखि तुही सीके पर भाजन, ऊँचे धरि लटकायौ
हौं जु कहत नान्हे कर अपनैं मैं कैसें करि पायौ
मुख दधि पोंछि, बुद्धि इक कीन्ही दोना पीठी दुरायौ
डारि साँटी, मुसुकाइ जसोदा, स्यामहि कंठ लगायौ
बाल-बिनोद-मोद मन मोह्यौ, भक्ति प्रताप दिखायौ
सूरदास जसुमति कौ यह सुख, सिब बिरंचि नहिं पायौ। (1×3=3)

P.T.O.

IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

7) यदि इनका सपना टूटे
काल इन्हें भी हम-सा लूटे
धैर्य बंधाएँ इनके उर को हम पथिकों की करुण कथाएँ।

8) यह मधु है; स्वयं काल की मौन का युग-संचय
यह गोरस: जीवन कामधेनु का अमृत-पूत पय।
यह अंकुर: फोड़ धरा को, रवि को ताकता निर्भय,
यह प्रकृत, स्वयंभू, ब्रह्म, अचुत:
इसको भी शक्ति दे दो।

9) कहाँ गया धनपति कुबेर वह
कहाँ गई उसकी वह अलका,
नहीं ठिकाना कालिदास के
व्योम प्रवाही गंगाजल का,
ढूँढा बहुत परन्तु लगा क्या
मेघदूत का पता कहीं पर।

10) एक परिभाषा हम अपने लिए गढ़ते
एक दूसरे हमारे लिए,
एक राह हम अपने लिए बनाते हैं
एक दूसरे हमारे लिए
आओ हम अपनी राह बनाएँ। (2×3=6)

V. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए।

11) कबीरदास की भक्तिभावना।

12) धूमिल ने दलित एवं शोषित जनता के प्रति अपना भाव कैसे प्रकट किया है ?

13) जोखू के गंदा पानी पीने का कारण समझाइए।

14) नागार्जुन का प्रकृतिवर्णन।

15) जीवन की यथार्थता का चित्रण 'बुनी हुई रस्सी' में कैसे हुआ है ? (3×3=9)

VI. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

16) 'एक गौ' की रचना किस उद्देश्य से की है ?

17) 'आतिथ्य' कहानी का यथार्थपरक अंश क्या है ?

18) सूरदास के वात्सल्य वर्णन का परिचय दीजिए।

19) एक सच्चा भक्त कैसा होना चाहिए।

20) 'आओ हम पथ से हट जाएँ' में कवि ने किसकी माँग की है ?

21) 'यह दीप अकेला' का संदेश क्या है ?

22) 'बुनी हुई रस्सी' का भाव क्या है ?

23) नदियों के ज़रिए कवि लोगों को क्या संदेश देता है ?

24) 'प्रौढशिक्षा' में धूमिल क्या कहता है ?

25) चकवी का वर्णन किस उद्देश्य से कबीर ने किया है ? (8×1=8)